

## एक नजर में

### इनर व्हील क्लब ने किया शिक्षकों का सम्मान

**देवास।** इनर व्हील क्लब अध्यक्ष मोनिका जैन द्वारा 5 सितम्बर 2025 को ढांचा भवन स्थित बावड़िया मिडिल स्कूल एवं प्राइवेट स्कूल सरस्वती ज्ञानपीठ में शिक्षक दिवस सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सरस्वती ज्ञानपीठ हाई सेकंडरी विद्यालय में क्लब मेंबर नीला तिवारी द्वारा 50 शिक्षक शिक्षिकाओं का सम्मान किया गया। गवर्नमेंट स्कूल में शिक्षा विभाग के अधिकारी एपीसी, विकास महाजन, वरिष्ठ शिक्षिका वृंदा शर्मा एवं जन शिक्षक श्री परमार का सम्मान किया गया। तत्पश्चात अधिकारियों द्वारा क्लब की 22 सदस्याओं उषा जोशी, हंसा जोशी, ज्योति शर्मा सरोज तिवारी, चंद्रकांता शर्मा, किरण भार्गव, मनीषा पांचाल, नीला तिवारी, शकुंतला मालवीय, दीपाली, श्वेता निगम, प्रीति वर्मा, प्रीति यादव आदि का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन निशा राठौर ने किया एवं आभार अध्यक्ष श्रीमती मोनिका जैन ने माना।

### महाराष्ट्र समाज में हुआ आनंद मेले का आयोजन

**देवास।** महाराष्ट्र समाज में आनंद मेले का आयोजन था यह कार्यक्रम वैसे भी समाज का अति लोकप्रिय है मेले में फूड एवं नॉन फूड स्टॉल्स का लोगों ने भरपूर आनंद उठाया ।मराठी व्यंजनों का स्वाद चखा। नागपुर के कढ़ी पकोड़े, डाकोर जी के गोटे, भारी बारिश के चलते हैं मूंग के गरम भजिए ,पाव भाजी, ब्रेड पकोड़े ,श्रीखंड ,करंजी भाकरवडी, पुणेरी भेळ आदि का आनंद आनंद मेले में उपस्थित श्रोताओं में सदस्यों ने लिया। आनंद मेले का शुभारंभ नगर निगम सभापति रवि जैन ने किया। आपने सभी स्टॉल्स पर जाकर व्यंजनों का आस्वाद ग्रहण कर सभी का उत्साह वर्धन भी किया। आनंद मेले में प्रथम पुरस्कार पूरनपोळी के लिए पल्लवी मुळे, द्वितीय पुरस्कार मृणालिनी मोहिते को पुलाव के लिए, तथा तीसरा पुरस्कार रोहिणी भोसले को रगड़ा पेटिस के लिए दिया गया ।कुछ प्रोत्साहन पुरस्कार भी दिए गए इस प्रकार कल आनंद मेले में लोगों ने भरपूर आनंद लिया। आरती के लिए विशेष रूप से पधारी श्रीमती मीना ताई पटवर्धन का स्वागत सम्मान वृषाली आपटे और मयुरी जोशी ने किया।

### ईद-ए-मिलाद-उन-नबी पर निकला जुलुस

**काँटाफोड़।** नगर में मुस्लिम समाज द्वारा ईद-ए-मिलाद-उन-नबी के मुबारक मौके पर मक्का मदीना कि सुंदर आकृतियां बना कर बड़ी धूम धाम से जुलूस निकाला गया। नगर कि प्राचीन परंपरा के अनुसार सभी वर्गों ने उसका स्वागत किया। कांग्रेस नेता राजेश होलानी मुकेश राठौर राजाराम यादव ने सभी सदर एवं इमाम का गांधी चौराहे पर अभिनंदन किया इस मौके पर इमाम साहब ने सभी को बधाई प्रेषित कि एवं पंजाब में बाढ़ पीड़ितो के सहयोग के लिए अपील कि समाज के सदर रजाक खान ने सभी का आभार प्रेषित किया।

### छात्र एकता परिषद ने किया शिक्षकों का सम्मान

**देवास।** शिक्षक दिवस के अवसर पर महाराज विक्रम सिंह पंवार के मार्गदर्शन में छात्र एकता परिषद ने महाविद्यालय के प्राचार्य लखन अटेरिया एवं प्राध्यापकों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष दीपक नवगौत्री, महामंत्री विकाश यादव, कमल गोयल, अनमोल ठाकुर, सागर दांगी, पीयूष जोशी, हरिओम गवलिया आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### शिक्षक दिवस पर सुंद्रेल में शिक्षकों का सम्मान किया

**देवास।** शिक्षक दिवस 5 सितंबर के उपलक्ष्य में हाई सेकेंडरी स्कूल सुंद्रेल में शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओ का हाई सेकेंडरी स्कूल एवं मिडिल स्कूल के सभी स्टाफ का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मध्य प्रदेश अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस सम्मान समारोह के कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष पवन हिंदू ने क्रम से सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का सम्मान अटल सम्मान पत्र एवं पुष्प गुच्छ देकर प्राचार्य मोहनलाल भावसार, रेवीसिग चोगड , कुलदीप नंदानीया, स्वाती मालवीय, श्वेता पंचोली, राजेश मुकाती, गायत्री तिवारी, रंजना पंचोली, अर्चना जोनवाल, इन्दु अजमेरा, रमेश मेहरा, किरण जामले, सूरज पाराशर, वंदना चौबे, कन्हैया जोनवाल, शिव प्रसाद बकोरे, बलराम सुलानिया, मिनु शिवागी, सुकृति सोलंकी, मनीष काजलिया आदि शिक्षक शिक्षिकाओं का सम्मान किया गया ।

### मध्य प्रदेश शिक्षक संघ ने मुख्यमंत्री का आभार माना

**देवास।** भोपाल में राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सहायक शिक्षक, उच्च श्रेणी शिक्षक, प्राथमिक शिक्षक एवं माध्यमिक शिक्षकों को 35 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर चतुर्थ समय मान वेतनमान देने की बड़ी घोषणा की शिक्षक दिवस पर शिक्षकों को मिले उपहार से शिक्षकों में हर्ष व्याप्त है। मुख्यमंत्री द्वारा शिक्षक हित में लिए गए फैसले पर देवकृष्ण व्यास पूर्व प्रांतीय सह संगठन मंत्री, उदल सिंह परमार पूर्व संभागीय कोषाध्यक्ष, मोहनदास बैरागी जिला संगठन मंत्री ,दिनेश सिंह सिसोदिया जिला अध्यक्ष, श्रीमती राधा व्यास संभागीय सह सचिव, कमलकांत मेहता जिला सचिव, सोहन सिंह पटेल जिला कोषाध्यक्ष, शिवेश शर्मा पूर्व जिला अध्यक्ष एवं संगठन मंत्री, भूपेंद्र माली पूर्व जिला उपाध्यक्ष, वसंत व्यास पूर्व जिला कोषाध्यक्ष सहित जिले के अन्य पदाधिकारी ने मुख्यमंत्री का आभार जताया। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी बसंत व्यास ने दी।

### बारिश से भी कम नहीं हुआ भक्तों का उत्साह

**काँटाफोड़।** जिले का प्रसिद्ध विमान उत्सव का आयोजन नगर मे धूमधाम के साथ मनाया गया। विगत 71 वर्षों से विमान उत्सव का कार्यक्रम नगर में बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया जाता है इस वर्ष भी दो दिवसीय विमान उत्सव नगर में बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। पहले दिन कांच जड़ी विमान मंदिरों से ढोल धमाकों के साथ निकले और गुरुद्वारा चौराहे पर रखे गए रात भर श्रद्धालुओं द्वारा विमान की पूजा अर्चना की गई। अखाड़ों मे कलाकारों द्वारा हैरतअंगेज प्रदर्शन किया गया बाहर से आए कलाकारों द्वारा मृदंग और तेजाजी का आयोजन रात भर चलता रहा नगर के सामाजिक संगठनों द्वारा रात भर खाने पीने की चीज निशुल्क वितरित की गई ।बारिश अपना रूप दिखा रही थी वही श्रद्धालु विमान उत्सव के रंग में डूब कर उत्सव का उत्साह बना रहे थे। द्वितीय दिवस रामलीला मैदान पर भव्य भजन संध्या का आयोजन क्षेत्रीय विधायक मुरली भंवरा के नेतृत्व में किया गया, जिसमें भजन गायक अश्विन यदुवंशी द्वारा अनेकों प्रस्तुतियां दी गई इस भजन संध्या में सैकड़ो लोगों ने उपस्थित होकर भजनों का आनंद लिया। इसी मंच से नगर के समाजसेवीयो का सम्मान भी किया गया। इस दो दिवसीय विमान उत्सव के आयोजन में उपस्थित हुए सभी श्रद्धालुओं का विमान उत्सव समिति के अध्यक्ष राजेश होलानी ने आभार व्यक्त किया और कहा कि हमारे नगर की इस आयोजन के उत्साह को बारिश ने भी कम नहीं होने दिया और श्रद्धालुओं ने दोनों दिनों तक कार्यक्रमों में बहुत ही उत्साह के साथ भाग लिया।

### 16 वर्षीय छात्र ने फांसी लगाई

**देवास।** आंवला पिपलिया (जामगोद के समीप) में मंगलवार शाम एक हृदयविदारक घटना सामने आई। हंस वाहिनी पब्लिक स्कूल में कक्षा 9वीं में पढ़ाई कर रहे 16 वर्षीय छात्र आनंद पिता दिनेश पटेल ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार घटना के समय माता पिता अपने मायके गए हुए थे। शाम को जब वे घर लौटे तो छोटी बहन ने बताया कि भाई दरवाजा नहीं खोल रहा है। पिता ने खिड़की से झांककर देखा तो आनंद फंदे पर लटका हुआ था। परिजन तुरंत दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंचे और उसे फंदे से उतारकर आनन-फानन में संस्कार अस्पताल ष्द्ग2इह्य ले गए, जहां से जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी।

# शिक्षक दिवस पर नगर निगम ने शिक्षक एवं शालाओं का सम्मान किया

**शाल, श्रीफल व प्रतिक चिन्ह प्रदान कर किया सम्मान**



**देवास।** नगर निगम द्वारा शुक्रवार 5 सितम्बर शिक्षक दिवस पर नगरीय निकाय सीमा क्षेत्रों मे उत्कृष्ट शिक्षण कार्य करने वाले शिक्षक, शिक्षिकाओं, उत्कृष्ट अध्यापन कार्यशाला एवं सेवा निवृत्त शिक्षक, शिक्षिकाओं का सम्मान स्थानिय मल्हार स्मृति मंदिर आडिटोरियम मे एक गरीमामय समारोह मे किया गया। कार्यक्रम नगर निगम सभापति रवि जैन के मुख्य आतिथ्य मे तथा जिला पंचायत अध्यक्ष लीला भेरूलाल अटारिया की अध्यक्षता मे तथा निगम सत्तापक्ष नेता मनीष सेन, विधायक प्रतिनिधि भरत चौधरी, पूर्व जिलाध्यक्ष बहादुर मुकाती, वरिष्ठ भाजपा नेता ओम जोशी, निगम लोक निर्माण समिती अध्यक्ष गणेश पटेल, पार्षदों एवं पार्षद प्रतिनिधियों के विशेष आतिथ्य मे सम्पन्न हुआ। जिसमे निगम द्वारा 32 सेवा निवृत्त शिक्षक, शिक्षिकाओं, 54 उत्कृष्ट शिक्षक, शिक्षिकायें, 8 कॉलेज के शिक्षक, शिक्षिकायें, 13 शासकीय एवं अशासकीय उत्कृष्ट स्कुलों का सम्मान अतिथीयों के द्वारा शाल, श्रीफल व प्रतिक चिन्ह प्रदान कर किया गया। कार्यक्रम मे सत्तापक्ष नेता श्री सेन ने उपस्थित गुरूजानें को नमन करते हुये कहा कि हमारा सम्पूर्ण जीवन गुरूजनों के द्वारा प्रदत्त शिक्षा का ऋृणी रहेगा। कार्यक्रम मे पूर्व जिलाध्यक्ष श्री मुकाती ने कहा कि भारत के विश्वगुरू बनने मे शिक्षा ही एक सशक्त माध्यम होगी। कार्यक्रम मे पार्षद अजय तोमर, निगम उपायुक्त आरती खेडेकर ने भी अपने उद्बोधन देकर गुरूजनों को नमन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथीयो के द्वारा माँ सरस्वती एवं डॉ सर्वपल्ली राधकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात उत्कृष्ट स्कुल के छात्र,छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना की प्रस्तुती दी गई। इस अवसर पर गुरू परम्परा अन्तर्गत वरिष्ट गुरूजन विष्णु वर्मा सर व शिक्षिका श्रीमती माया सक्सेना का अतिथीयो द्वारा पाद्य पूजन कर उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर वरिष्ट गुरूजन श्री वर्मा ने गुरू की महिमा पर अपने उद्बोधन मे कहा कि गुरू शिष्यों का सर्वागीण विकास कर उनमें सभ्यता की शिक्षा प्रदान करता है। भगवान श्रीकृष्ण एवं सुदामा ने बिना किसी भेदभाव के एक ही गुरूकुल मे शिक्षा प्राप्त करी थी। उसे हमे आज आत्मसात करना होगा ।अतिथीयो का स्वागत निगम सामान्य प्रशासन समिति अध्यक्ष पिंकी संजय दायमा द्वारा पुष्पगुच्छ से किया गया। कार्यक्रम मे जिला शिक्षा अधिकारी हरिसिह भारती, बी.ई.ओ. अधिकारी प्रमिला डावर, मंडल अध्यक्ष देवेन्द्र नवगोत्री, पार्षद सोनू परमार, आलोक साहू, भूपेश ठाकुर, बाली घोसी, रितु सवनेर, खुशबु निलेश वर्मा, पार्षद प्रतिनिधि संजय ठाकुर, राज वर्मा, नितीन आहूजा, अजय पडियार, निलेश वर्मा, प्रवीण वर्मा, गोपाल खत्री, स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर महेश सोनी आदि सहित सैकडो शिक्षक शिक्षिकायें व उनके परिवारजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पंकज वर्मा ने किया तथा आभार सामान्य प्रशासन समिती अध्यक्ष प्रतिनिधि संजय दायमा ने माना।

### शिक्षक जीवन सांवरते है

मुख्य अतिथी के रूप मे सभापति श्री जैन ने अपना उद्बोधन देते हुये कहा कि हमें गुरूजनों से जो ज्ञान, शिक्षा प्राप्त हुई है उसे हमे आत्मसात कर समाज सेवा के कार्य करने का उद्देश्य सर्वोपरी रखा है। उन्होंने आगे कहा कि बच्चों को घरों के संस्कार के साथ शाला मे प्रवेश कराते है परन्तु गुरूजन उनमे शिक्षा व ज्ञान रूपी संस्कार का बीजारोपण कर उनके व्यक्तित्व को निखार कर उनका जीवन संवारते है।

# शासकीय हाई स्कूल लसुड़िया सोंडा में शिक्षक दिवस मनाया



**देवास।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शासकीय हाई स्कूल लसुड़िया सोडा में शिक्षक दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के प्राचार्य विनोद सिंह नामदेव ने बताया कि हम प्रतिवर्ष एक शिक्षक को विशेष रूप से सम्मानित करते हैं । अभी तक पूर्व में साथ शिक्षक सम्मानित किया जा चुके हैं। इस वर्ष श्रेष्ठ शिक्षक के रूप में श्रीमती रागनी दुबे को अंग्रेजी विषय में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए एवं विद्यालय में दी गई सेवाओं के लिए चयन समिति की अनुशंसा पर सम्मानित किया गया।

श्रीमती दुबे को प्रशस्ति पत्र, शाल, श्रीफल, अंग वस्त्र और फूलमाला से सम्मानित किया गया। प्रशस्ति पत्र का वाचन ईश्वर सिंह तंवर द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के अन्य शिक्षकों श्रीमती प्रमिला बामनिया, महेश चंद्र शर्मा श्री मुरलीधर सेम, ईश्वर सिंह तंवर, नयनेश बेलापुरकर, भूपेंद्र सिंह सोलंकी, उमाकांत बोडाना, दिया पटले और श्रीमती पूजा पवार, श्रीमती सुनीता सोलंकी को श्रीफल, अंग वस्त्र एवं फूल मालाओं से स्वागत कर सम्मानित किया गया।

सम्मान समारोह के पश्चात विद्यालय के छात्र-छात्राओं और स्टाफ के लिए विशेष भोज के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ। सभी अतिथियों एवं शिक्षकों को का स्वागत तिलक लगाकर एवं पुष्पहार पहनाकर प्राचार्य विनोद सिंह नामदेव ने किया। कार्यक्रम का संचालन महेश चंद्र शर्मा ने किया और आभार प्रदर्शन मुरलीधर सेम ने माना।

# क्षेत्र की पेयजल योजनाएं भ्रष्टाचार की बलि चढ़ने लगी



**उदयनगर।** घर घर शुद्ध पेयजल योजना को अधिकारी एवं निर्माण एजेंसी की मिली भगत से उदयनगर तहसील में लगभग सभी ग्रामों में स्तरहीन प्राक्कलन अनुसार काम ही नहीं हो पाया है, समय सीमा निकल जाने के बाद भी अनेक ग्रामों में अपूर्ण काम है, उदयनगर के अनेक वार्डो में आज तक पेयजल नहीं जा सका है, स्कूल के पीछे जोशी कालोनी बाजार की सीधी पट्टी में, पंचायत द्वारा 40वर्ष पूर्व चल रही लाइन से पानी जाता था, किंतु नवीन कार्य से उनके यहां पानी नहीं पहुंच रहा है, ग्रामीण प्रकाश शर्मा ने बताया है कि हमारे मोहल्ले में पानी आज तक नहीं आया है, हमने सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज की है जिसका क्रमांक 31853413 है। किन्तु अधिकारी बार बार उसे बंद करने की बात करते है, वहीं पिपरी ग्राम में पेयजल के पाइप टूटने लगे है, घरों में गन्दा पानी आ रहा है, ग्रामीणों ने बताया कि, पाइप टूटने के कारण गंदा पानी आ रहा है, सूत्रों के अनुसार ठेकेदार अपनी मनमानी करके अपना काम करता है, जो क्षेत्र में चर्चा का विषय है, इतनी शिकायतों अखबारों में खबरों के बाद भी किसी तरह का सुधार ना होना संदेह दर्शाता है, क्षेत्र की पेयजल योजनाएं भ्रष्टाचार की बलि चढ़ने लगी है।

# कृपालु परिवार के बप्पा गणेशोत्सव का भव्य समापन

**मुख्यमंत्री के भाई नंदलाल यादव हुए शामिल**



**देवास।** चामुंडा कॉम्प्लेक्स परिसर में स्थापित संस्था कृपालु परिवार के गणेशोत्सव का दसवां दिन आस्था, भक्ति और दिव्यता से परिपूर्ण रहा। समापन अवसर पर आयोजित महाआरती और भव्य भोजन प्रसादी वितरण में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए और कृपालु के बप्पा का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से मुख्यमंत्री मोहन यादव के भाई नंदलाल यादव (नंदू भैया), पश्चिम विद्युत वितरण महाप्रबंधक प्रकाश सिंह चौहान, उज्जैन के वरिष्ठ पत्रकार गणपत सिंह चौहान, सिविल लाइन थाना प्रभारी हितेश पाटील, ट्रैफिक थाना प्रभारी पवन बागड़ी, डॉ. आनंद मानधन्या, सीए राजेश सिंगी, भाजयुमो पूर्व जिला अध्यक्ष मनीष पनवार, कांग्रेस नेता ज्ञानसिंह दरबार, अधीक्षण यंत्री केतन रायपुरिया, ब्रह्म कुमारी से दीदी मां सहित कई गणमान्य अतिथियों ने कृपालु के बप्पा की आरती की और प्रसादी वितरण में भाग लिया। मुख्यमंत्री के भाई नंदलाल यादव ने संस्था को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन देवास की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान को और मजबूत करते हैं। उन्होंने प्रतिवर्ष इस परंपरा को और भव्य रूप से आगे बढ़ाने की बात कही ।वहीं महाप्रबंधक प्रकाश सिंह चौहान ने कहा कि माँ चामुंडा और तुलजा भवानी की नगरी देवास सचमुच देव नगरी है। संस्था कृपालु परिवार द्वारा इतना बड़ा और भव्य आयोजन किया जाना कृपालु के बप्पा की कृपा का ही परिणाम है। उन्होंने इसे समाज में भक्ति और एकता का अद्भुत संदेश बताया। कार्यक्रम के संयोजक सुमेरसिंह दरबार ने सभी अतिथियों का सम्मान दुपट्टा ओढ़ाकर और प्रतीक चिन्ह भेंटकर किया। विशेष अवसर पर सीएम के भाई नंदलाल यादव, विद्युत वितरण महाप्रबंधक प्रकाश सिंह चौहान भोजनशाला पहुंचे और भक्तों के साथ खीर प्रसादी बनाकर परोसी। गौरतलब है कि संस्था कृपालु परिवार द्वारा अपने पहले ही वर्ष में यह 10 दिवसीय गणेश महोत्सव भव्य रूप से आयोजित किया गया। प्रतिदिन हजारों भक्त पंडाल में दर्शन कर भोजन प्रसादी ग्रहण करते रहे। समापन अवसर पर संस्था ने देवास शहरवासियों का आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग से यह आयोजन यादगार और सफल बन सका।

# खेल से शारीरिक व्यक्तित्व विकास होता है : डॉ . सोनकर




**भौंरासा।** नगर के विद्यालय सरस्वती विद्या मंदिर में विद्या भारती की योजना अनुसार इंदौर विभाग की दलीय विभाग स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 5 एवं 6 सितंबर 2025 को किया गया। इस प्रतियोगिता के उद्घाटन मे मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती टीना अनिल चावड़ा भंवरनाथ मंडल अध्यक्ष एवं विशेष अतिथि के रूप में श्रीमती वर्षा प्राचार्या स.वि.मं.जवाहर चौक देवास जाधुसिंह चौधरी प्राचार्य स.वि.मं.देपालपुर चिन्तेश नागर प्राचार्य स.वि.म. पीपलरावा एवं अध्यक्षता जमनालाल माली अध्यक्ष गणेश शिक्षण समिति उपस्थि थे।, सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं कबड्डी के मैदान का पूजन किया तथा समस्त खिलाड़ियों से परिचय किया गया तथा प्रथम मैच की शुरुआत अतिथियों द्वारा टॉस कर के की गई। आयोजन के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक राजेश सोनकर, विशेष अतिथि के रूप में अनिल चावड़ा मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि संजय जोशी अध्यक्ष नगर परिषद जयसिंह ठाकुर उपाध्यक्ष नगर परिषद प्रवीण जी पाराशर विभाग समन्वयक इंदौर विभाग उपस्थित थे, समापन समारोह में सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया, उसके पश्चात कबड्डी निर्णायक मंडल एवं समस्त विजेता, उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया गया ।समस्त विजेता टीमों को विधायक द्वारा टी-शर्ट प्रदान की गई, पुरस्कार वितरण के पश्चात विधायक डॉ सोनकर द्वारा अपने आशीर्वचन में कहा कि - खिलाड़ी की तपस्या कभी व्यर्थ नहीं जाती, खिलाड़ी का जीवन एक नियमित दिनचर्या का श्रेष्ठ उदाहरण होता है, जो उसे खिलाड़ी को जीवन में श्रेष्ठ प्रदान करता है।, क्यों कि खेल से शारीरिक विकास होता हैं एवं शारीरिक विकास ही व्यक्ति के व्यक्तित्व को विकसित करता हैं। इस अवसर पर गणेश शिक्षण समिति के समस्त सदस्यगण, पत्रकार बंधु, अन्य उपस्थित गणमान्य नागरिक , अभिभावक बंधु, विद्यालय के आचार्य दीदी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत मनोज जोशी उपाध्यक्ष गणेश शिक्षण समिति मुकेश माली कोषाध्यक्ष गणेश शिक्षण समिति यशवंत सिंह राजपूत सदस्य गणेश शिक्षण समिति ने, अतिथि परिचय अनंतनारायण निगम प्रधानाचार्य स.वि.म. भौंरासा एवं संचालन प्रदीप कुमार कारपेंटर एवं आभार जमनालाल माली अध्यक्ष गणेश शिक्षण समिति ने किया।

# सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारी पेंशनर महासंघ ने शिक्षकों का किया सम्मान




**देवास।** 5 सितंबर शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में सेवानिवृत अधिकारी कर्मचारी पेंशनर महासंघ देवास द्वारा शिक्षक दिवस पर सेवानिवृत शिक्षकों का दुपट्टे एवं माला से सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विजय श्रीवास्तव पूर्व प्राचार्य बी एड कॉलेज देवास थे, अध्यक्षता जी एल व्यास पूर्व सहायक संचालक शिक्षा ने की तथा मुख्य अतिथि प्राचार्य शा.उ.मा.वि. बगाना अजय सोलंकी थे।

सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण किया गया। अतिथियों का परिचय संघ के जिलाध्यक्ष सुभाष लाम्बोरे द्वारा दिया गया। पश्चात महासंघ देवास के अध्यक्ष द्वारा संघ का गीत गाया गया जिसे सभी सदस्यों द्वारा दोहराया। सितम्बर 2024 से 31 अगस्त 2025 तक शासकीय सेवानिवृत्त शिक्षक का अतिथियों द्वारा दुपट्‌टा एवं मोतियों की माला से सम्मान किया गया तथा उनके स्वस्थ जीवन की कामना की। प्रेमनारायण तिवारी को सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारी पेंशनर महासंघ मध्यप्रदेश का प्रांतीय अध्यक्ष का दायित्व मिलने पर, राष्ट्रीय कर्मचारी महासंघ के संगठन मंत्री का दायित्व मिलने पर डॉ. विष्णु प्रसाद वर्मा का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष अशोक शर्मा को जन्मदिन की बधाई देते हुए सम्मान किया गया। संचालन सचिव देवकरण शर्मा ने किया तथा आभार कार्यकारी अध्यक्ष पद्माकर फडनिस ने माना।

### तबला वादक गंधर्व अल्प प्रवास पर देवास आए

**देवास।** देश के मशहूर अंतर्राष्ट्रीय बैला बाहर एवं तबला वादक पं.नवीन गंधर्व देवास पधारे उन्होंने कलाकारों एवं संगीत व साहित्य के क्षेत्र में कार्य करने वाली सामाजिक संस्था नागेश्वर संगीत कला संस्कृति एवं साहित्य समिति पर अल्प प्रवास पर आए और समिति द्वारा संगीत एवं साहित्य से जुड़े गतिविधियों को जाना व समझा तथा समिति द्वारा अब तक के किए गए सांस्कृतिक आयोजनों व फ्री डेमो क्लासेस के बारे में जानकारी ली। इस संबंध में समिति द्वारा प्रकाशित स्मारिका कबीर कुंभ 2025 को समिति अध्यक्ष काजल नागेश्वर व संपादक शहाबुद्दीन मंसूरी ने उन्हें भेंट की। जिसे देखकर उन्होंने गतिविधियों व संकलन की भूरी भूरी प्रशंसा की पश्चात इंदौर की ओर प्रस्थान किया।

**एक नजर** गायत्री शक्तिपीठ साकेत नगर पर होंगे प्रतिदिन श्राद्ध कर्म

# गायत्री शक्तिपीठ एवं गायत्री प्रज्ञापीठ पर नि :शुल्क तर्पण, पिंडदान एवं पितृ यज्ञ का आयोजन



**देवास ।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज, हरिद्वार के तत्वावधान में देशभर में गायत्री शक्तिपीठ एवं गायत्री प्रज्ञापीठ पर अपने पूर्वजों की आत्म शांति हेतु श्राद्ध पक्ष में तर्पण, पिंडदान एवं पितृ यज्ञ का क्रम अनवरत रूप से कई वर्षों से चल रहा है, इसी कड़ी में इस वर्ष भी श्राद्ध पक्ष में 07 सितंबर से 21 सितंबर तक निरंतर तर्पण, पिंडदान एवं पितृ यज्ञ का क्रम गायत्री संस्थानों पर चलेगा। गायत्री शक्तिपीठ के मीडिया प्रभारी विक्रमसिंह चौधरी ने बताया कि गायत्री शक्तिपीठ साकेत नगर पर प्रतिदिन एवं गायत्री प्रज्ञापीठ विजय नगर पर विशिष्ट तिथियों में श्राद्ध पक्ष में तर्पण, पिंडदान एवं पितृ यज्ञ का क्रम रहेगा । गायत्री प्रज्ञापीठ विजय नगर देवास की संरक्षिका दुर्गा दीदी ने श्राद्ध कर्म पर विशेष मार्गदर्शन देते हुए बताया कि अपने-अपने परिवार की दिवंगत आत्माओं ( पितृ-पुरुषों एवं मातृ-शक्ति ) के प्रति जलाञ्जलि आदि के माध्यम से हम जो श्रद्धा अर्पित करते है, उसी श्रद्धा से बना है श्राद्ध साथ ही सनातन परम्परा अनुसार यह भी मान्यता है कि श्राद्ध पक्ष में पूर्वज अपने परिवार के प्रति अभिमुख होते है । श्राद्ध पक्ष में तर्पण, पिण्डदान व पितृयज्ञ आदि का विशेष महत्व है । अत: अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति व सद्गति के निमित्त तर्पण, पिण्डदान व पितृयज्ञ का आयोजन करना चाहिए, जिसके परिणाम स्वरूप हमारे पूर्वज श्राद्ध-कर्म से सन्तुष्ट होकर हमें आशीर्वाद प्रदान करते है। गायत्री परिवार देवास के युवा प्रकोष्ठ जिला समन्वयक प्रमोद निहाले ने बताया कि इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ साकेत नगर पर प्रतिदिन एवं गायत्री प्रज्ञापीठ विजयनगर देवास पर विगत 14 वर्षों से श्राद्ध पक्ष में प्रति रविवार एवं सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या को तर्पण, पिण्डदान व पितृ यज्ञ का आयोजन गुरुकृपा व आप सभी के सराहनीय सहयोग से किया जाता हैं ।इस वर्ष भी श्राद्ध पक्ष में 07 सितम्बर रविवार, 14 सितम्बर रविवार एवं 21 सितम्बर रविवार (सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या) को गायत्री शक्तिपीठ एवं गायत्री प्रज्ञापीठ विजयनगर, देवास पर पितरों की आत्मा की शांति व सद्गति के निमित्त तर्पण, पिण्डदान व पितृ यज्ञ का आयोजन किया जाएगा । यह कार्यक्रम प्रात 08 बजे से प्रारम्भ होगा एवं पूर्ण रूप से नि:शुल्क रहेगा, पूजन सामग्री व पात्र आदि की सम्पूर्ण व्यवस्था शक्तिपीठ व प्रज्ञापीठ की ओर से रहेगी ।इच्छुक परिजन गायत्री शक्तिपीठ पर परिव्राजक रामनिवास कुशवाह मोबा. 8770491851 एवं गायत्री प्रज्ञापीठ विजयनगर पर ज्ञानदेव बोड़खे मोबा. 9755930201 से संपर्क कर अपने पूर्वजों का श्राद्ध कर्म बड़ी श्रद्धा से करें । गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी महेश पंड्या एवं गायत्री प्रज्ञापीठ के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी राजेंद्र पोरवाल ने समस्त भावनाशील एवं श्रद्धालुओं से आग्रह किया हैं कि कार्यक्रम में भारतीय वेश-भूषा (भाई लोग धोती-कुर्ता व माता-बहनें साड़ी या सलवार सूट) पहनकर ही अपने पितृगणों की तृप्ति के लिए नि:शुल्क तर्पण, पिंडदान एवं पितृ यज्ञ में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ लेवें एवं पितृगणों का आशीर्वाद प्राप्त करें । साथ ही समय से 15 मिनट पूर्व उपस्थित होकर अपना स्थान सुरक्षित कर लेवें तथा उपरोक्तानुसार कार्यक्रमों में अपनी सुविधानुसार केवल एक बार ही भागीदारी करें, ताकि अन्य परिजनों को भी इस शुभ अवसर का पुण्य लाभ मिल सकें ।